हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2024



## दशहरा उत्सव : म्युनिसिपल स्कूल मैदान में शनमुखा की आवाज और स्टेट स्कूल मैदान में जापानी आतिशबाजी का होगा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए यहां की विभिन्न दशहरा उत्सव समितियों द्वारा अपनी तैयारी शुरू कर दी गई है।


शहर के सबसे पुराने स्टेट हाईस्कूल मैदान में आकर्षक आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में बॉलीवुड सिंगर शनमुखा प्रिया की मधुर आवाज गूंजेगी। आयोजन समितियों द्वारा अपनी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में ही प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण के 51 फीट ऊंचे पुतले का निर्माण किया जा रहा है। वहीं कमला कालेज मैदान में म्यूजिक माफिया बैंड और गौरीनगर में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

अपनी मनमोहक आतिशबाजी के लिए मशहूर राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी स्टेट स्कूल मैदान में दशहरा उत्सव में आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। जिसमें जापानी आतिशबाजी की तकनीकों से यहां सॉफ्टवेयर के माध्यम से आतिशबाजी की जाएगी। जिसमें 1000 एरियल, 375 माइंस, 800 कंपैक्ट से आकर्षक आतिशबाजी होगी।

### कमला कॉलेज और गौरीनगर मैदान में भी सांस्कृतिक आयोजन

#### 51 फीट के पुतले का दहन

स्टेट हाईस्कूल मैदान में इस वर्ष भी 51 फीट के रावण का पुतला निर्माण शहर में ही भिलाई से पहुंचे कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे ने बताया कि इस वर्ष रावण के पुतले में खास आकर्षण होगा।



**कौमी एकता समिति भी जुटी तैयारी में :** शहर के गौरीनगर में कौमी एकता समिति द्वारा आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव कार्यक्रम में विशालकाय रावण पुतले के दहन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे। समिति द्वारा आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है।

#### कमला कॉलेज में म्यूजिक माफिया बैंड

शहर के कमला कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले राजा दिग्विजय दास दशहरा महोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रूबी गरचा ने बताया कि इस वर्ष म्यूजिक माफिया बैंड आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

#### कलाकार देंगे प्रस्तुति

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ जन महोत्सव के दशहरा कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर एवं इंडियन आईडल शनमुखा प्रिया की मधुर आवाज दशहरे के कार्यक्रम में गूंजेगी। इसके साथ कलाकार अमय दाते और सिद्धार्थ हाण्डा भी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति द्वारा प्रतिवर्ष ख्याति प्राप्त कलाकारों को अपने आयोजन में बुलाकर आयोजन को भव्यता प्रदान की जाती है। देश के कई नामचीन गायक इस दशहरा उत्सव में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य बनाने को लेकर समिति द्वारा अपनी व्यापक तैयारी की जा रही है।

---

### नवरात्रि विशेष



#### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म ले। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है, जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

### तालाब में मासूम डूबा

**राजनांदगांव।** शहर के भरकापारा स्थित तालाब में नहाने गए एक बालक की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा सरोवर भरकापारा में 10 वर्षीय बालक नहाने के लिए गया हुआ था। इस दौरान वह तालाब के पानी में डूब गया। जिसकी जानकारी होने पर लोगों ने मशक्कत बाद उसे तालाब से बाहर निकाला और चिकित्सालय भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का नाम धनराज 10 वर्ष चौखड़ियापारा बताया गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### माय एंगल




---

### समाजसेवियों ने खींचे हाथ, अंजोरा से डोंगरगढ़ तक गिनती के पंडाल

## सेवा पंडालों में सिर्फ चाय और पानी सड़क पर बीत रही पदयात्रियों की रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए लाखों पदयात्री प्रतिदिन पैदल चलकर मां के दरबार पहुंच रहे हैं, लेकिन इन पदयात्रियों की सेवा के लिए प्रतिवर्ष लगने वाले सेवा पंडालों की कमी देखी जा रही है। रायपुर से दुर्ग के बीच कई जगहों पर बेहतर व्यवस्था है। वहीं पंडालों के संस्कार के लिए जाने वाले राजनांदगांव में समाजसेवियों ने इस वर्ष हाथ खींच लिए हैं। ऐसे में राजनांदगांव जिले में लगने वाले पंडाल नाममात्र ही रह गए हैं। यहां लगभग 54 से 56 सेवा पंडाल लगा करते थे लेकिन इस वर्ष समाजसेवियो की रूचि भी सेवा पंडालों को लेकर नजर नहीं आ रही है।

भलाई कैंप से निकले पदयात्री पोषण, दीपेंद्र, अजय और रायपुर से निकले राम आर्य ने बताया कि राजनांदगांव जिले में अंजोरा से लेकर शहर के बीच तक एक दो पंडाल ही दिखे हैं। वहीं रायपुर से पदयात्रा कर रहे दिलीप दुर्गे ने कहा कि वे 9 वर्षों से मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पैदल जा रहे हैं। इस वर्ष यहां सेवा पंडाल बहुत ही कम हैं। लंबी दूरी चलने के बाद भी सेवा पंडाल नहीं मिल रहे हैं। वहीं पंडालों में नाश्ता, फलाहारी, भोजन जैसी व्यवस्था भी नजर नहीं आ रही है। सिर्फ पानी और चाय ही मिल रहा है।



#### लाखों दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं मां के दरबार

इस वर्ष बीते कुछ वर्षों के मुकाबले पदयात्रियों की संख्या काफी अधिक है। 24 घंटे पदयात्रियों का रेला सड़क पर दिखाई दे रहा है। रायपुर, भाटापारा, धमतरी, दुर्ग व भिलाई से बड़ी संख्या में पदयात्री मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे हैं। प्रतिदिन लाखों पदयात्री मां बम्लेश्वरी के दरबार में पहुंच रहे हैं, जिसे मंदिर ट्रस्ट और प्रशासनिक अमला नहीं संभाल पा रहा है।

#### नहीं लगे कई प्रमुख पंडाल

शहर के बीच ही कई जगह पर पदयात्रियों की सेवा के लिए पंडाल लगाए जाते थे। जिसमें रामदरबार चौक के समीप, रेलवे ऑटो स्टैंड परिसर, ओवरब्रिज के बगल में, मिलचाल में, नवागांव क्षेत्र में लगने वाले सेवा पंडाल इस वर्ष समाजसेवियों ने नहीं लगाए हैं।

#### नहीं लगा पंडाल

राजनांदगांव जिले के विभिन्न समाजसेवियों द्वारा पदयात्रियों की सेवा के लिए 100-200 मीटर की दूरी पर ही पंडाल लगाए जाते थे। शहर के बीच लगभग एक दर्जन जगहों पर पंडाल लगते थे, लेकिन इस वर्ष समाजसेवियों द्वारा शहर के बीच पंडाल नहीं लगाया गया है।

#### बैठक में जताई थी सहमति

मां बम्लेश्वरी के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की भीड़ को देखते प्रशासन द्वारा विभिन्न समाजसेवियों की बैठक लेकर उन्हें थोड़ी-थोड़ी दूर पर सेवा पंडाल लगाने कहा जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष प्रशासन द्वारा समाजसेवियों पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं देने के चलते समाजसेवी भी पदयात्रियों की सेवा से पीछे हट गए।

#### सड़क पर आराम करने मजबूर

सड़क पर जगह-जगह पदयात्रियों की सेवा के लिए लगने वाले पंडाल इस वर्ष नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में लंबी दूरी तक पदयात्रियों को चलना पड़ रहा है और थकान की वजह से पदयात्री सड़क के किनारे वृक्ष की छांव पर ही आराम कर रहे हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है।

#### शहर में दो ही पंडाल

शहर के पार्री से लेकर वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव तक एक ही बड़ा पंडाल नगर निगम द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने लगाया गया है। वहीं बागेश्वर धाम मंदिर परिसर में एक पंडाल लगा है। ऐसे में शहर के बीच महज दो पंडाल ही नजर आ रहे हैं, जो हजारों पदयात्रियों की सेवा के लिए ना काफी है।

---

## पंचमी पर मां का विशेष श्रृंगार, मंदिरों में भीड़



**राजनांदगांव।** क्वांर नवरात्र पर्व के तहत पंचमी पर्व आज घर सहित मंदिरों में देवी मां का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। पंचमी पर्व कई स्थानों पर कल मंगलवार को मनाए जाने की तैयारी है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना के पर्व क्वांर नवरात्र को लेकर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। ज्ञात हो कि पर्व पर मंदिर सहित कुछ पूजा पंडालों में जोत जंवारा भी स्थापित किया गया है, जहां आज पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंचमी के साथ ही मंदिर एवं पूजा पंडालों में जसगीतों का क्रम भी शुरू हो गया है। कल मंगलवार को भी कई स्थानों पर पंचमी पर्व मनाए जाने की तैयारी है।

#### मंदिरों में भीड़

इधर नवरात्र पर्व प्रारंभ होते ही शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर शंकरपुर, भानेश्वरी देवी मंदिर, कालीमाई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बन रही है। विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना का दौर जारी है। इस मौके पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों की भी श्रृंखला बनी हुई है। वहीं माता के जयकारों की गूंज है।

#### देवी प्रतिमाओं को देख हो रहे भाव-विभोर

क्वांर नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा देवी मां की प्रतिमाएं पूजा पंडालों में स्थापित की गई है। शहर के स्टेशनपारा, चिखली, नवागांव, मोतीपुर, ममता नगर, तुलसीपुर, जयस्तंभ चौक, दुर्गा चौक, बांसपाई पारा, इंदिरा नगर, गंज मंडी, नंदई चौक, मोहारा, सिंगदई सहित अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति शाम से देर शाम तक बन रही है। पूजा समितियों द्वारा रखी गई भव्य देवी प्रतिमाओं को देख भक्त भाव-विभोर हो रहे हैं। आगामी दिनों में और भी चहल-पहल बनने की संभावना है।

---

## दशहरा अवकाश के बाद भी निजी स्कूलों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा दशहरा-दीपावली अवकाश की घोषणा किए जाने के बाद भी निजी स्कूलों द्वारा संचालन किए जाने की शिकायतें सामने आने के बाद शिक्षा महकमे ने करीब दस स्कूलों में दबिश देकर नोटिस जारी की है। शिक्षा विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद खलबली मची हुई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रदेश की सरकारी और निजी स्कूलों में 7 से 12 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश देने की घोषणा की है। इस आदेश के तहत सरकारी स्कूलों के साथ-साथ कई निजी स्कूलों ने भी इस आदेश के परिपालन में अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन शहर की करीब दस निजी स्कूलों द्वारा अवकाश की घोषणा के बाद भी कक्षाएं लगाई जा रही है। इस मामले की शिकायतें सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रवेश कुमार सिंह बघेल ने आज निजी स्कूलों में दबिश दी। बताया जाता है कि दस स्कूलों में जब डीईओ पहुंचे तो वहां कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने निजी स्कूलों के प्रबंधन को जमकर फटकार भी लगाई है।

#### तीन दिनों के भीतर मांगा जवाब

शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई नोटिस में यह उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा घोषित दशहरा अवकाश के बाद भी स्कूलों का संचालन किया जाना मान्यता की शर्तों के विपरीत है। विभाग ने स्कूल प्रबंधन से 10 अक्टूबर तक जवाब मांगा है। विभाग ने कहा है कि समाधान कारण जवाब नहीं आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### जारी की है नोटिस

राज्य शासन द्वारा घोषित अवकाश के बाद भी निजी स्कूलों द्वारा संचालन किया जा रहा था। इस मामले में दस निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। - **प्रवेश कुमार सिंह,** डीईओ

#### इन स्कूलों पर कार्रवाई

डीईओ ने नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, युगांतर पब्लिक स्कूल पार्रीनाला, संस्कार सिटी स्कूल ठाकुरटोला, बाल भारती स्कूल, वेसलियन हिन्दी स्कूल, वेसलियन अंग्रेजी स्कूल, जेएलएम गायत्री स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा, सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल खैरागढ़ रोड तथा नीरज विद्या मंदिर मोहड़ डोंगरगांव को नोटिस जारी की है।

---

## टीचर नहीं, चक्काजाम की चेतावनी

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में पांच कक्षाओं को एक शिक्षक द्वारा पढ़ाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने का मामला लेकर आज एक बार फिर बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची और शिक्षक की स्थाई पदस्थापना को लेकर ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग की है।

खपरीकला से पहुंची सावित्रीबाई पटेल, अनिता साहू सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि बीते दिनों कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला में एक शिक्षक होने के चलते अन्य शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर ज्ञापन दिया था। जिसके बाद दो-तीन दिनों के लिए एक शिक्षक को भेजा गया, लेकिन उन्हें भी अब हटा दिया गया है। महिलाओं ने कहा कि स्कूल में शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एग्जाम में बच्चों के नंबर जीरो आ रहे हैं।



#### सभी कक्षा के लिए शिक्षकों की मांग

महिलाओं ने कहा कि स्कूल में एक शिक्षक के भरोसे 73 बच्चों की पढ़ाई हो रही है। कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों को एक शिक्षक द्वारा पढ़ा पाना संभव नहीं है। ऐसे में सभी कक्षा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

#### तालाबंदी की चेतावनी

महिलाओं ने कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय में आवेदन के माध्यम से शिक्षक की मांग करते यह दूसरी बार है। उन्होंने कहा कि अब तीसरी बार शिक्षक की मांग नहीं की जाएगी, सीधे स्कूल में तालाबंदी करते गांव के सभी लोगों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा।

---

### बासुला में आयोजन को लेकर पनपा आक्रोश

## मूर्ति अनावरण पर बवाल, कांग्रेस विधायक पर भड़के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिनीमाता की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को लेकर सतनामी समाज के लोगों से रायशुमारी नहीं करना डोंगरगढ़ की कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल को काफी भारी पड़ रहा है। बासुला में आज सामाजिकजनों ने विधायक को जमकर खरी खोटी सुनाई। लोगों के आक्रोश को देखते हुए विधायक वहां से उठकर चली गई। ग्रामीणों और विधायक के बीच हुई तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया में आज दिनभर जमकर वायरल भी हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार यह वीडियो ग्राम बासुला का बताया जा रहा है। यह पूरा मामला गांव में मिनीमाता की मूर्ति के अनावरण से जुड़ा है। सतनामी समाज के लोग विधायक बघेल से कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने को लेकर चर्चा नहीं किए जाने से नाराज हैं। चर्चा के दौरान बैठे लोगों के आक्रोशित होने के बाद विधायक वहां से चली गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल शामिल होने वाले हैं।

#### लोगों में आक्रोश

सतनामी समाज के प्रमुख लोगों ने दिसंबर में आनवरण करने का निर्णय लिया है। समाज के पढ़े-लिखे लोगों ने सभी देवी-देवताओं को मानने का निर्णय लिया है, जिसे लेकर गांव में आए दिन दो गुटों में विवाद होता रहता है। कार्यक्रम में सरपंच ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल और विधायक को अतिथि बनाया है। जबकि राजनांदगांव के सांसद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष और समाज के भंडारी को अतिथि नहीं बनाया गया है, जिसे लेकर कार्यक्रम का विरोध किया जा रहा है।



#### पूर्व सीएम भूपेश आज आएंगे बासुला

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल आठ अक्टूबर को बासुला आएंगे। वे यहां विभिन्न निर्माण कामों का लोकार्पण करेंगे। श्री बघेल दोपहर सवा दो बजे बासुला पहुंचेंगे। करीब एक घंटे तक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे रवाना होंगे।

#### काले झंडे दिखाने का ऐलान

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने कार्यक्रम के दिन काला झंडा दिखाने से संबंधित ठेलकाडीह थाना में पत्र भी सौंपा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को काला झंडा दिखाया जाएगा। ग्राम बासुला में मिनीमाता मूर्ति अनावरण 8 अक्टूबर को होना है। पंचायत के किसी भी जनप्रतिनिधि और सतनामी समाज के प्रमुख व्यक्ति से सलाह-मशवरा नहीं लिया गया है। जिसके कारण समाज के लोगों में आक्रोश है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### रामाटोला में दुर्गा उत्सव की धूम



**रामाटोला।** रामाटोला में क्वांर नवरात्रि पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। ग्राम के बस स्टैंड चौक में सार्वजनिक उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मां दुर्गा की स्थापना किया गया है। समिति के राम लाल वर्मा, हेमलाल देवांगन, भागचंद देवांगन, पंचराम, कुलेश्वर साहू ने बताया कि अष्टमी को हवन पूजा तथा भंडारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### छन्नूलाल बने समाज के नए अध्यक्ष

**घुमका।** उपरवाह क़े सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित कर मेहर समाज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। गठन के दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर कन्नौजे मौजूद थे। कार्यकारिणी में अध्यक्ष छन्नूलाल कन्नोजे, उपाध्यक्ष भागवत शिवारे, सचिव राजकुमार लदेर, सहसचिव मन्नू आडिल, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार शान, कोषाध्यक्ष कुबेर लहरे, प्रवक्ता कलीराम खरशान, संगठन महामंत्री करणलाल आडिल, मिडिया प्रभारी राजकुमार संघारे, संरक्षक संतोष लहरे, भजनलाल, गजेन्द्र, द्वारिका प्रसाद कन्नौजे, विनोद कुमार लहरे, राजेश कुमार शान, मुकेश कुमार आडिल, ज्ञानेश्वर आडिल, ढालसिंग शिवाले हैं।



### बच्चों ने लिखी वीरों की गाथा



**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला चिद्दो में वीर गाथा गतिविधि अंतर्गत बच्चों को कविता, निबंध, कहानी एवं चित्रांकन की गतिविधि कराई गई। विद्यार्थियों ने वीर जवानों के संबंध में मेरे आदर्श, वीरता पुरस्कार विजेता, बलिदानी पुरुष से संबंधित कहानी व कविता की रचना किया। महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन गाथा पर चर्चा हुई। इस आयोजन में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गणेश्वरी कंवर, अशोक साहू, यशोदा साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में कक्षा 3री से 5वीं तक के 30 बच्चों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में ढालनी कंवर प्रथम, द्वितीय दिव्यानी साहू तथा तृतीय स्थान पर सिमरन कंवर और चंचल साहू रही। शिक्षिका कोनिका सोनी ने चित्र प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### हवन कुंड का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** डुडिया में हवन कुंड भूमिपूजन किया गया। यहां आगामी 23 से 29 दिसंबर तक पांच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन होना है। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं क्षेत्रवासी ने शामिल होकर विधिवत पूजन कर भूमि पूजन किया। विधायक बघेल ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सहभागिता निभाने की बात कही। इस दौरान सरपंच पुनिता साहू, चंदूराम साहू, टीकम यदु आदि उपस्थित थे।



### भाजपा का सदस्यता अभियान जारी

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्टॉल लगाकर नवरात्रि के दौरान दर्शनार्थियों को सदस्यता दिला रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के नेताओं के रेफरल लिंक से भी सदस्य बना रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी के साथ सांसद संतोष पाण्डेय के रेफरल लिंक से 216 से अधिक सदस्य बनाए जा चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के साथ अन्य के रेफरल लिंक से सदस्य बनाया जा रहा है। इस मौके पर हरविंदर सिंह मंगे, वीरेंद्र सोनी, संतोष राव, विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, वीरेंद्र साहू, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, शुभम परिहार, पूजा उजवने, रूपेंद्र इंदुलकर, रामकुमार डडसेना, सुशीला साहू, रिया साहू, कमलेश उजवने सहित अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



### क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**चौकी।** कोटरा और केसला में गत दिनों क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा के उद्घाटन एवं समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव शामिल हुए। अध्यक्षता शंकर तिवारी ने की। इस मौके पर संजय साहू, ज्योति नेताम, संतोष नेताम, गौरव शर्मा, संदीप मेश्राम, राहुप खान, भोला साहू, रामबाई साहू, शकुंतला, भानुप्रताप यादव, संजू मांडवी, लोकेश नेताम, विश्वदीप नंदेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।



### अष्टमी हवन एवं विसर्जन 11 को

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। देवी मंदिर के अलावा बहुत से घरों में लोग शक्ति की भक्ति कर रहे हैं। क्षेत्र के नर्मदा मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का जत्था माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। नर्मदा मंदिर में कल मंगलवार को पंचमी मनाया जाएगा। माता का श्रृंगार के साथ विशेष भोग लगाया जाएगा। यहां 120 मनोकामना ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। यहां 11 अक्टूबर को प्रातः अष्टमी हवन पूजन किया जाएगा। अष्टमी एवं नवमी तिथि एक ही दिन होने के कारण शुक्रवार को शोभायात्रा के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। इसी प्रकार क्षेत्र में विराजित दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा स्थलों में शुक्रवार को महाष्टमी मनाया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन शनिवार को होगा।



## पंडालों में विश्राम और जलपान की पुख्ता व्यवस्था

# शहर के चप्पे-चप्पे में नजर आ रहे पदयात्री, टूटा पिछला रिकार्ड

## वीआईपी दर्शनार्थियों से आम श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के मौके पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस बार पदयात्रियों की संख्या बहुत अधिक है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा राजनंदगांव सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पदयात्री लगातार आ रहे हैं। शनिवार को सुबह से भीड़ उमड़ना चालू हुआ था जो रविवार रात तक अनवरत जारी रहा।

### अनवरत भंडारा जारी

भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था विभिन्न संस्थाओं द्वारा की गई है।बेलगांव इस कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से पदयात्रियों के लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। ग्राम में कई वर्षों से भंडारे का संचालन किया जा रहा है। ग्रामवासी सामर्थ के अनुसार सहयोग कर रहे इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोजन एवं नाश्ता मुहैया कराया जा रहा है।इसी कड़ी में शनिवार को छिरपानी प्रांगण में प्रांतीय अग्रवाल समाज के युवकों ने भंडारे का आयोजनकिया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई के साथ नगर के लोगों ने सराहनीय सहयोग दिया। ढारा मे भोजन भंडारा की व्यवस्था की गई है। श्री राम भक्त युवा समिति औरग्रामवासियों के सहयोग से चतुर्थी को भोजन प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन किया गया।



### रोपवे में भारी अव्यवस्था

टिकट लेकर ऊपर मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। वहीं वीआईपी एवं कर्मचारी खासकर पुलिस बल के जवान अपने परिजनों और परिचितों को मुफ्त में रोपवे की सैर करा रहे हैं, जिससे व्यवस्था बिगड़ रही है। महाराष्ट्र से आए एक श्रद्धालु ने कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाशमिश्रा से इस आशय की शिकायत करते हुए बताया कि वह 3 घंटे से खड़े हैं लेकिन उन्हेंटिकट भी नहीं मिल रही और वीआईपी दर्शनार्थियों का मुफ्त में जा रहे हैं। मुफ्त में रोपवे से जाने वालों के कारण ट्रस्ट समिति को नुकसान हो रहा है। शनिवार एवं रविवार की रात मुफ्त में रोपवेवीआईपी की भीड़ बढ़ने के बाद प्रशासन ने रोपवे बंद कर दिया था, जिससे बुजुर्ग दर्शनार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### पार्किंग में अवैध वसूली

वाहनों से दर्शनार्थियों के आने के कारण अधिकांश पार्किंग फुल रहे हैं। कई पार्किंग में दर्शनार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने और अधिक पैसा वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रहीहैं। पार्किंग स्थल में न तो रेट लिस्ट चस्पा किया गया है और न दर्शनार्थियों के लिए कोई सुविधा की गई है।राह चलते लोगों को रोककर जबरदस्ती वाहनों की पार्किंग कराई जा रही है। महाराष्ट्र की ओर से आए रोशनलाल ने बताया कि अग्रसेन चौक समीप उन्हें यह कह कर रोक दिया गया कि आगे पार्किंग नहीं है। पार्किंग में हो रही अवैध वसूली से दर्शनार्थियों में नाराजगी देखी जा रही है वहीं प्रशासन की छबि धूमिल हो रही है।

### हर रास्ते में भक्तों की कतार

माडीतराई से लेकर सुकूलदैहान तक पदयात्रियों के लिए भंडारे की व्यवस्था किया गया है। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस साल पदयात्रियों के अलावा विभिन्न वाहनों तथा रेल से आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या अन्य सालों की तुलना में काफी अधिकहै। भीड़ को देखते हुए व्यवस्था करने में प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं।

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

वाहन पार्किंग के नाम पर बेजा वसूली की अब तक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर दोषियों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

**- मनोज मरकाम,** एसडीएम

## शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय जनपद पंचायत के सभागार में ब्लाक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएलआईए के मैनेजर आशीष दुबे थे। कार्यक्रम में चेतन चन्नी डीएम, सीएलआईए, सुनीत कुमार सिंग चीफ ब्रांच मैनेजर, संदीप कुमार जैन एसबीए एलआईसी मौजूद थे। अध्यक्षता बीईओ प्रशांत चितर्वकर एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रहलाद दास साहू ने किया। विशेष अतिथि एचके खिलाड़ी, धनेश कुमार सिन्हा, कीरत गणवीर, राजेंद्र लाडेकर, देवेंद्र साहू, भूषण वाडेकर, देवेंद्र साहू, मिलाप दास साहू, हेमंत सलामे थे। पुनाराम सिन्हा एवं दीपक सिन्हा के सौजन्य से आयोजित समारोह में मामेंटो, साल भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

संचालन कीरत गणवीर और अंत में आभार प्रदर्शन दीपक कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू, सतीश लहरे, गौकरण सिन्हा, इरफाना शबनम, रीना जगनीत, कल्पलता चन्द्रवंशी, हेमलता साहू, आंनद चन्द्रवंशी, सुरेन्द्र घावड़े, कार्तिक धृतलहरे, चेतन दुबे, भगवानी कन्नौजे, अश्वनी साहू, लूनकरण साहू, हृदय वर्मा, एकलव्य साहू, देवनारायण साहू, शिव शंकर नेताम, जितेन्द्र, लोकेश साहू, सुरेश साहू, दिनेश ठाकुर, मोहित साहू, मधूसुदन ध्रुव, तिलक यदु, महेश सिन्हा, शंभू साहू, जनक यदू, शैलेंद्र शर्मा, गिरधारी सहारे, गजेन्द्र बघेल, गजेन्द्र कहिरबा, राम प्रसाद लांडे, मनमोहन डड़सेना, टीकम कंवर, ओमप्रकाश नेटी, सविता वर्मा, रात्रि साहू, रूखमणी सिन्हा, प्रभा मंडावी, लक्ष्मी मिश्रा, पदमा सेवता, सरोज गोस्वामी, आशो निषाद, पदमा लहरे, कुसुम लहरे, चुम्मनलाल साहू, अंनत सिन्हा, जगन्नाथ आदि मौजूद थे।

## स्कूलों में नवरात्रि पर्व की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में भक्ति का पर्व नवरात्रि पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। प्राचार्य सुनील पाण्डेय के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने ज्योति कलश की स्थापना किया है। यहां सेवा जतन पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। नवरात्र के पाँचवे दिन गरबा का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं भी गरबा की धुन पर जमकर थिरके। माँ दुर्गा के रूप में कक्षा तीसरी की जिज्ञास और महिषासुर का रूप धरे कक्षा 6 वीं के तुषार बया आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यदु, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू, श्रुति आदि मौजूद थे।



### गरबा में थिरके बच्चे

चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में क्वांर नवरात्रि पर्व के मौके पर गरबा ड्रेस प्रतियोगिता एवं गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों सहित पालको ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर गरबा नृत्य का आनंद लिया। प्रतियोगिता में प्रथम मेहुल भट्ट, आदित्य गुप्ता, सानवी साहू, आद्धिक महेश्वरी, पियूषा गौतम, नवयता कुंभकार, हिमानी महेश्वरी, युवांश महेश्वरी, अविका कुंवर, आव्या पंसारी, आरव चक्रधारी, मोक्ष पटेल, रूद्र माहेश्वरी, लावन्या निषाद, योगिता पटेल, मेहुल जैन, अंशिका गुप्ता, आर्यन कांदे, द्वितीय अदिति नाहटा, आरव जैन, निलांश शाबला, कृदय, कृयांश देवांगन, वशिष्टि पांडे, मौली साहू, मान्यता देवांगन, ओम साहू, डिम्पल सोनी, वान्या साहू, शौर्य शाबला, यांश मेश्राम, शौर्य जैन, तृतीय लविश कटले, अयान मेश्राम, रियांश जैन, भूमि साहू, नोमित ठाकुर, सान्वी जैन, प्रणव सिंग, कुशाग्र अग्रवाल, रूद्र देवांगन, अनय गुप्ता, डिलीशा साहू रहे। अंत में संस्था प्रमुख अनिल रुपलनी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## आवास निर्माण में विलंब न करें: यदु

- तिलईरवार में ब्लाक स्तरीय आवास मेला का आयोजन, हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



जनपद क्षेत्र में सर्वाधिक आवास स्वीकृति वाले कलस्टर तिलईरवार में विकासखंड स्तरीय आवास मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, जनपद सीईओ नवीन कुमार ने आवास हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित कर नवीन आवास का भूमिपूजन कराया। कार्यक्रम में श्रीमती यदु ने हितग्राहियों को किश्तों के बारे में जानकारी देते हुए आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छत्तरपाल चन्द्रवंशी, निर्मला सिन्हा, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, एवं हितग्राही, ग्रामीण आवास योजना प्रभारी विजय देवांगन, इंजीनियर आँचल भास्कर उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## कार्यक्रम में बेटियों को किया गया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण हेतु 2 से 10 अक्टूबर तक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के मार्गदर्शन में लिमो में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक पूजा वर्मा ने बालिकाओं को समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को रोकने जागरूक किया। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम, दहेज प्रथा अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं अन्य विधिक जानकारी दी। बालिकाओं को विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया। शासन द्वारा महिलाओं के लिए शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

### स्वास्थ्य की जानकारी

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं को एनीमिया एवं मासिक धर्म संबंधी जानकारी दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेता बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर माहरनलाल निर्मलकर, पारथदास पटिला, श्रवण देवांगन, इंदिरा सोनी, कलेंद्री ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।



**तुमडीबोड।** ग्राम नाथूनवागांव में नव दुर्गा उत्सव समिति ने मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित किया है।




Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### ज्योति कलश प्रज्जवलित

**लाल बहादुर नगर।** ग्राम में क्वारं नवरात्र के मौके पर 56 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। यह जानकारी राजेश देवानंद ने दी।

### मनाया दुर्गावती की 500वीं जयंती



**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में शनिवार को वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती मनाया गया। शिक्षक मोहित कुमार धुर्वे ने महारानी दुर्गावती की चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। शाला के बच्चों ने पेंटिग ,रंगोली के साथ ही संस्था प्रमुख संजीव ध्रुव ने रानी दुर्गावती की वीरगाथा एवं स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्गावती के योगदान पर चर्चा की। बच्चों ने महापुरुषों के चित्र बनाया। इस अवसर पर गीत कविता आदि प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार साहू, राज बाई विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### जिपं उपाध्यक्ष ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत कोहलाटोला में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण एवं यादव समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। श्री सिंह के गाँव पहुँचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों की चिंता करती है। पांच साल से रुके प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास की राशि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मिलना शुरू हो गया है। मकान बनाने की सपना देख रही गरीब जनता के खातों में चालीस हजार जमा हो गया है। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष आनंद सिन्हा, रामसुख साहू, पूरण साहू, मकसूदन साहू, हेमंत चंदेल, सुमन साहू, राकेश चंदेल, चुनुलाल सिन्हा, हिरदे सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला पटवारी संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# तहसील कोर्ट में पटवारियों से अभद्रता

## अपमानजनक शब्दों का किया उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

तहसील कार्यालय में दो पटवारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने की दो घटनाएं हुई है। एक मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और जहां से जमानत मिल गई है। वही दूसरे मामले की जांच चल रही है। दोनों मामलों को लेकर जिला पटवारी संघ ने 7 अक्टूबर को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्य बयान देने गए दोनों पटवारियों का साथ थाना पहुंचे।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि गत 30 सितंबर को तहसील कोर्ट में अधिवक्ता सतीश सिंघानिया ने पटवारी शिवानी मिश्रा को फोन कर धमकी देते और गाली गलौच करते न्यायलय बुलाया गया। पटवारी के न्यायालय पहुंचने पर वकील ने तोरण वर्मा के नामांतरण के संबंध में अभिलेख दुरूस्त नहीं करने के संबंध में पूछते हुए अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया। पटवारी ने बताया कि नामांतरण प्रकरण आदेश के लिए न्यायालय में लंबित है। आदेश उपरांत ही अभिलेख दुरूस्त किया जाएगा।

वकील सिंघानिया ने पटवारी को नीचा दिखाते हुए न्यायालय में लोगों के समक्ष गालियां दी। जानकारी के अनुसार पटवारी की शिकायत पर 2 अक्टूबर को पुलिस ने सिघानिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। उन्हे 4अक्टूबर को सत्र न्यायालय में पेश किया गया जहां उन्हे जमानत दे दिया गया।



### कार्रवाई की मांग पर अडिग

जानकारी अनुसार पटवारी शिवानी मिश्रा आरोपी वकील सिंघानिया के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है। वही दूसरे मामले पर पटवारी शिवलाल टंडन ने जीवनदास रात्रे द्वारा लिखित माफीनामा देने के बाद माफ कर दिया है। दोनों आपस में राजीनामा हो गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कांडे, प्रदीप मिश्रा, वाणी झा, देवेंद्र ताम्रकार, रविचंद नेताम, वैभव वैष्णव, विवेक परगनिया, सविता रैकवार, इरफान खान, अंकित बिसेन, लोकेश साहू, शिवलाल साहू, छेदीलाल जांगड़े, रवि जंघेल, ममता सोरी, दुर्योधन नायक, विकल्प यद्धु, अमित श्रीवास्तव, नेमीचंद वर्मा, भारती शर्मा, अमरचंद गायकवाड़, धर्मेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, गजेंद्र राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

### फिर घटना की पुनरावृत्ति

पटवारी से दुर्व्यहार की एक घटना शांत नहीं हो पाई थी और 3 अक्टूबर को पटवारी शिवलाल टंडन तहसील कार्यालय में तोरणबाई पति शत्रुपाल के फौती आवेदन के संबंध में चर्चा करने उपस्थित थे। पीठासीन अधिकारी के समक्ष जब दस्तावेज पेश किया इसी दौरान जीवनदास रात्रे द्वारा फौती दर्ज नहीं करने पर धमकाते हुए कहा तुम बाहर निकलो फिर बताता हूं। बाहर निकलने पर पटवारी का कॉलर पकडकर गाली गलौच किया गया। यह घटना पीठासीन अधिकारी के उपस्थिति में हुआ परन्तु उन्होंने कार्रवाई नहीं किया। घटना के दौरान रीडर, भृत्य उपस्थित थे।

### पहले भी हो चुकी घटनाएं

पटवारियों ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में भी श्री सिंघानिया द्वारा पटवारियों को धमकाया जा चुकी है। जातिगत गाली-गलौच करने की घटनाएं भी हो चुकी है। गलत कार्य करने दबाव बनाया जाता है। पटवारियों द्वारा नियम विरूद्ध कार्य नहीं करने पर झूठे केस में फंसाने और नौकरी से निकलवाने की धमकी दिया जाता है।

### कार्रवाई होगी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रेणुका रात्रे ने कहा कि हम कर्मचारियों के साथ हैं। कोर्ट परिसर में अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नही किया जाएगा। ज्ञापन के आधार पर जांच कर कार्रवाई किया जाएगा।

### कड़ी कार्रवाई हो

पटवारी शिवानी मिश्रा ने बताया कि वकील ने मानसिक स्थिति ठीक नहीं बता कर जमानत लिया गया है। अगर ऐसा है तो उनका लायसेंस निरस्त कर दिया जाना चाहिए। वकील के खिलाफ कई शिकायतें है जिसे देखते हुए सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

### छवि खराब करने का प्रयास

अधिवक्ता सतीश सिंघानिया का कहना है कि महिला पटवारी द्वारा छवि खराब करने के लिए ऐसा किया गया है। वह पारिवारिक कारणों से परेशान है जिसका गुस्सा मेरे खिलाफ निकाल रही है। मैने न गाली दिया और न धमकी दिया। यह सब प्लानिंग के तहत किया जा रहा है।

# एसपी बंसल ने ली थाना प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

थानों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण सहित अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। एएसपी नेहा पांडेय, एसडीओपी लालचंद मोहले की मौजूदगी में आयोजित बैठक में एसपी त्रिलोक बंसल ने जिले मे वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते हुए थानों में लंबित अपराधों और शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने कहा। रोड एक्सीडेंट के मामले में आई रेड पोर्टल व वीडियोग्राफी करने विशेष हिदायत दिया।

एसपी बंसल ने साइबर संबंधी अपराधो पर अंकुश लगाने थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले गांव व कस्बों में समर्थ अभियान तहत ज्यादा से ज्यादा साइबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगो को जागरूक करने के अलावा साइबर संबंधी अपराधों के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने कहा। थानों में पंजीबद्ध अपराधों, शिकायतों, मर्ग को लेकर संवेदनशीलता से निराकरण व लंबित चालानो को न्यायालय में अविलंब पेश करने वही लंबित विसरा के नष्टीकरण को लेकर कारवाई सुनिश्चित करने कहा।

### जब्त वाहनों के राजसात की कार्वाई करें शुरू

समर्थ अभियान तहत आम जनता को यातायात नियमों व साइबर संबंधी जानकारी प्रदान करने, अपराध नियंत्रण की दिशा मे पूर्व में गिरफ्तार व्यक्तियों के फिंगर प्रिन्ट लेकर रिकार्ड मेंटेन करने, संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक करने हिदायत दिया। एसपी त्रिलोक बंसल ने अवैध शराब के व्यवसाय मे लिप्त माफियाओं और गांजा विक्रेताओं व तस्करों के विरूद्ध लगातार कारवाई करने का निर्देश दिया ताकि आम जनता परेशान न हो। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में नियंत्रण को लेकर चौक चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित तेज रफ्तार गाड़ियों पर नियंत्रण करने कहा वही यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष समझाईस आम लोगों को देने कहा। बैठक मे एसपी त्रिलोक बंसल ने सीसीटीएनएस पोर्टल, पुलिस पोर्टल में आने वाले शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का दिशा निर्देश जारी किया वही प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बाउड ओवर की कारवाई करने के लिए कहा इसके अलावा थानों में दर्ज प्रकरणों में जप्तशुदा वाहनों के राजसात की कारवाई प्रारंभ करने आवश्यक तैयारी शुरू करने कहा। इस दौरान रक्षित निरीक्षक के देव राजू, निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे, राजेश देवदास, अनिल शर्मा, शिवशंकर गेंदले, भीमसेन यादव, धर्मेंद्र वैष्णव, आलोक साहू, एसआई मोरध्वज देशमुख, एसआई कैलास साहू, एएसआई सविता वर्मा, एमएल भांडेकर सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के एसआई रामचन्द्र साव, एएसआई सुरेश पटेल, प्रआर आशीष वर्मा सहित अन्य शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षिका अनिता जंघेल को मिला मदर टेरेसा सम्मान

■ शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने पर स्कूल शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खजरी के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका अनिता जंघेल को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने पर स्कूल शिक्षा विभाग ने सम्मानित किया। खजरी प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका अनिता जंघेल को शिक्षा क्षेत्र में उनके नवाचार सहित अन्य उपलब्धियों को देखते हुए जगदलपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मदर टेरेसा राज्य अलंकरण पुरुस्कार व सांसद संतोष पांडे, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू द्वारा मदराकुही के शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया।

शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और बच्चों की शिक्षा के लिए उनके समर्पण भाव को देखते हुए विकासखंड स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में डीईओ लाल द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने उन्हें सम्मानित किया। गौरतलब है कि शिक्षिका अनिता जंघेल को शिक्षा में नवाचार, कला, संस्कृति, साहित्य लेखन, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा व समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अप्रतिम कार्य के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से नवाजा गया था और फिर जगदलपुर में मदर टेरेसा राज्य अलंकरण पुरुस्कार से नवाजा गया जो बड़ी उपलब्धि है। एसपी आफिस मे पदस्थ प्रआर प्रदीप जंघेल की पत्नि अनिता जंघेल की उपलब्धि पर परिजनो सहित विभाग ने बधाई दी है।

# शबाना कर रही दस सालों से पदयात्रियों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ पोहा, केला सहित अन्य नाश्ता स्वयं उपलब्ध कराती है

श्रद्धा और भक्ति के सबके अपने तरीके हैं। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं इसे चरितार्थ करते हुए पिपरिया वार्ड की शबाना बेगम बीते 10 सालों से अनवरत मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ सहसपुर लोहारा, गंडई, छुईखदान, थान खम्हरिया, साजा सहित कवर्धा रोड से आने वाले पदयात्रियों की सेवा कर रही हैं। पदयात्रियों को चाय, पानी से लेकर पोहा, केला सहित नाश्ते का अन्य सामान भी स्वयं उपलब्ध कराती हैं। किसी को छाले पड़ गए या पैर दर्द हुआ तो दवाई लगाने और का काम भी खुद करती हैं। इसमें पिपरिया वार्डवासी भी अपनी भूमिका निभाते हैं। पर मुख्य भूमिका शबाना के पास ट्यूशन लेने वाले बच्चे निभा रहे हैं जो पूरे समय पंडाल में अपनी सेवा देते हैं। पदयात्रियों की सेवा के इस कार्य में शबाना के पति शेख इस्माइल भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

सेवा में लगने वाले सामानों को लाने ले जाने का काम शेख इस्माइल करते हैं तो उनकी बेटी सना पदयात्रियों के लिए चाय आदि की व्यवस्था करते हैं। शबाना निर्मल त्रिवेणी महाअभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में भूमिका निभा चुकी हैं वही शिक्षा के लिए निरंतर काम कर रही हैं।

# संघ ने किया पथ संचलन, पुष्प वर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ विजयादशमी उत्सव के निमित्त संघ के स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

विजयादशमी उत्सव के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। शहर के कई स्थानों में नगर वासियों और अन्य हिन्दू संगठनों ने संचलन का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया। सामाजिक कार्यकर्ता तिलक वर्मा ने स्वयंसेवकों को भारत माता के सेवा के लिए शुभाशीष दिया। मुख्य वक्ता प्रांत किसान कार्यप्रमुख उत्तर यादव ने राष्ट्रहित मे समाज की भूमिका किस प्रकार हो सकती है इस पर प्रकाश डाला।

उत्तर यादव ने संघ का परिचय देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसकी स्थापना 1925 में डॉ केशव बलिराम हेडगेवारजी द्वारा की गई और आज यह संगठन दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, जिसके स्वयंसेवक धार्मिक, सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में मातृभूमि और राष्ट्र की सेवा करते सतत प्रयासरत रहते है और सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के क्षेत्र में भी काम करते है। संघ की शाखा पद्धति से व्यक्ति निर्माण, व्यक्ति निर्माण से परिवार और समाज निर्माण और समाज निर्माण से देश और राष्ट्र निर्माण की सतत प्रक्रिया संघ मे चलते रहती है।



### पॉलीथिन के उपयोग से बचने की अपील

वर्तमान परिवेश में मातृशक्ति और महिलाओं को भी समाज जीवन में आगे कार्य करने संघ से जुडने का उन्होने आव्हान किया। वही पर्यावरण संरक्षण को लेकर पॉलीथिन का उपयोग से बचने की अपील पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवको ने करते हुए कहा कि आत्मा के बाद अगर कोई चीज अजर-अमर है, तो वो पॉलीथिन है। इस दौरान संघ के जिला संघचालक राधेश्याम शर्मा, खंड संघचालक देवकरण वर्मा, नगर संघचालक मनोज गिड़िया सहित संवैचारिक संगठन के पदाधिकारी संग समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पंचायत की गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को कराया अवगत

# मुतेड़ा में ग्रामसभा, आय-व्यय का दिया हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम पंचायत मुतेड़ा में ग्रामसभा का आयोजन किया जिसमें मुतेड़ा और आश्रित ग्राम नवागांवकला के युवा, बुजुर्ग व महिलाएं उपस्थित थी। ग्रामसभा के दौरान पंचायत की गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए सभा अध्यक्ष सरपंच यतीश साहू ने उपस्थित लोगों को बताया कि पंचायत में 15 वें वित्त, मूलभूत योजना से काम कराने के लिए राशि मिलती है जिसमे सभी पंचगणों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आवश्यकता अनुसार कार्य कराया जाता है।

इस दौरान ग्रामसभा के नोडल अधिकारी तकनीकी सहायक हेमंत मेश्राम, ग्राम सेवक देवेंद्र वर्मा, उपसरपंच धनेश वर्मा, पंचगण नीरूबाई वर्मा, शकुन बाई वर्मा, संजीत साहू, सुशीला वर्मा, रामसनेही वर्मा, कंचन बाई वर्मा, तीरथ वर्मा, मनसुख वर्मा, मक्रध्वज वर्मा, कमल रजक, बिशेषर वर्मा, गीतेश्वरी वर्मा, पूर्व सरपंच सन्तोष मंडावी, शिव यादव, रामगोपाल वर्मा, परस वर्मा, दिनेश वर्मा, सेतराम वर्मा, दुजलाल वर्मा, प्रमोद साहू, रमाशंकर साहू, पवन वर्मा, चुनिराम वर्मा, बद्री मैथिल क्षत्रिय, हरक वर्मा, चन्द्रेश वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### शीतला मंदिर में टाईल्स कार्य कराने प्रस्ताव पारित

सचिव धीरज श्रीवास्तव ने आय-व्यय की जानकारी देते हुए बताया कि 15 वें वित्त तहत अनटाइड फंड में एक लाख पचास हजार और टाइड फंड में दो लाख रुपयों के अलावा करारोपण की राशि 36हजार रुपया था जिसमे अनटाइड फंड से मुतेड़ा के प्राथमिक स्कूल में टीनशेड कार्य, नवागांवकला में पचरी मरम्मत के लिए 50 हजार रुपए का प्रस्ताव किया गया है। नदी में गाद सफाई, नाली सफाई सहित नवागांवकला में करारोपण की राशि से शीतला मन्दिर में टाइल्स कार्य कराने प्रस्ताव पारित हुआ है।

### मांगों से ग्रामीणों ने कराया अवगत

ग्रामसभा मे ग्रामीणों द्वारा बारी बारी से अपनी मांगों से सरपंच सचिव को अवगत कराया जिसमे नवागांवकला में पानी टंकी निर्माण में निर्माण एजेंसी की लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर कर पीएचई विभाग से सभा में उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया गया। पीएचई विभाग ने पानी जांच की प्रक्रिया साथ स्कूल में पानी जांच किट भी प्रदान किया वही स्वच्छता की शपथ भी दिलाया गया। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामसेवक द्वारा जानकारी दी गई।

### वृद्धजन दिवस मनाने कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** सीआरसी राजनांदगांव के प्रधानमंत्री दिव्यांगजन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विभिन्न सहायक उपकरण जैसे एलएस बेल्ट, घुटने की पट्टी, श्रवण यंत्र, चलने की छड़ी, बैठने की छड़ी, टेट्रापॉड, वॉकर और व्हीलचेयर प्रदर्शित किए गए। पेशेवरों ने इन उपकरणों के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। निर्देशक स्मिता महोबिया की उपस्थिति में आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर 76 सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम का समन्वय प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट अधिकारी मंगलोविंद स्वैन, पीएमडीके प्रभारी सीआरसी चुनमुन मोहंती, ऑडियोलॉजिस्ट एएलआईएमसीओ पृथ्वीराज चौहान एवं ईडीपी सह लेखाकार विजय कुमार द्वारा किया गया।

# पालीटेक्निक स्टूडेंट्स ने निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा तहत गांधी पॉलीटेक्निक कालेज के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। संस्था परिसर से कलेक्टोरेट होकर बस स्टैण्ड, गोल बाजार, दंतेश्वरी मंदिर से मीरा बाई चौक से जागरूकता रैली वापस पॉलीटेक्निक कालेज पहुंची। स्वच्छता रैली का मुख्य उददेश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

रैली में शामिल स्टुडेंट्स ने जोश और उत्साह के साथ रैली में भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने नारा लगाया। प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने का संदेश दिया और घरों के आस-पास, सड़कों पर, चौराहों में स्वच्छता बनाए रखने लोगों को प्रेरित किया। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के भाव को चरितार्थ करने रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा संस्था परिसर की साफ-सफाई की गई।

संस्था के प्राचार्य एसबी वराठे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह कोर्राम, अंशु प्रीति कुजूर व सहयोगी प्रकाशचंद खरे के सहयोग से रासेयो स्वयंसेवकों संजू कुमार साहू, कुणाल साहू, हितेश, कार्तिक, हेमंत, नीतू, टी शैलजा, अर्पिता, निधि सहित संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य बराठे ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि इससे पूरे समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छात्रों का मनोबल बढ़ाने में व्याख्याता सुलेखा कुजूर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार समाचार

### अतुल ने संभाला अध्यक्ष पद का कार्यभार

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष अतुल रायजादा को बनाया गया है। भाजपा के अतुल रायजादा को अध्यक्ष बनाए जाने से नगर में हर्ष का



माहौल है। अतुल रायजादा की इस नियुक्ति से कॉलेज के युवाओं में ऊर्जा का संचार हुआ है और उनके अनुभव का फायदा आज की युवा पीढ़ी को भी मिलेगा। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नवनियुक्त जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने पदभार ग्रहण कर कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर अपग्रेड करने की बात कही है। उन्होंने कॉलेज परिसर में स्थित स्वर्गीय राजा दिग्विजय सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य से चर्चा करते कॉलेज की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली है।

अतुल ने बताया कि कॉलेज में वर्तमान में जो भी मूलभूत समस्या हैं उन्हें सुलझाना और शिक्षा में गुणवत्ता लाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी को दूर कर छात्रों को अच्छे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, पढ़ाई का स्तर सुधारने काम होगा। उन्होंने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में वे छात्रहित और कॉलेज के स्तर को सुधारने को लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय जिला मुख्यालय का कॉलेज है। जिले के अनुरूप उसे ढालने और उसे अपग्रेड करने का काम करेंगे, यह उनका विशेष उद्देश्य रहेगा।

### 22 पेड़ जिंदगी के नाम कार्यक्रम आयोजित

**खैरागढ़।** 22 पेड़ जिंदगी के नाम कार्यक्रम हरियाली बहिनी के तहत ग्राम



मारूटोला एवं मंडलाटोला में किया गया। इस दौरान हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच रोहित वर्मा, सुनिता वर्मा, कस्तूरी धनकर, विनोद साहू, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। 22 पेड़ जिंदगी के नाम के तहत किसानों ने अपने घर-बाड़ी में केशर आम का रोपण किया गया।

शिवकुमार देवांगन ने बताया कि केशर आम 4 वर्ष में फल देने लगता है। काफी स्वादिष्ट एवं टिकाउ होने के कारण रेट अधिक होता है। गांव में सभी के यहां फलदार पौधे लगाए, उसके लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। जिससे गांव का नाम केशर आम से पहचान बन सके। कम दरों पर गांव में आम पौधा उपलब्ध कराई जा रही है। हरियाली बहिनी के अलावा विख के विनोद साहू, राजेश वर्मा, कस्तूरी धनकर जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि अपने गांव के अलावा आसपास गांव में भी प्रचार-प्रसार करें, ताकि उन्हें भी लाभ मिल सके।

### जिला भाजपा में अब पांच और नए मंडल

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने जिले में 10 मंडलों का विस्तार करते नवीन पांच मंडल गठित करने की घोषणा की है। जिसके अनुसार अब जिला भाजपा के अंतर्गत 15 नए मंडल हो जाएंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार वर्तमान में खुज्जी विधानसभा में छुरिया व कुमर्दा, अंबागढ़ चौकी सहित तीन मंडल हैं। अब इस विधानसभा में गैंदाटोला चौथा मंडल बन गया है। इसी प्रकार डोंगरगांव विधानसभा में डोंगरगांव व लालबहादुर नगर सहित दो मंडल हैं। जिनका विस्जोतार कर अब तुमड़ीबोड़ व मुसरा मंडल के रूप में गठित करने की घोषणा की गई है तथा डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका मंडल का विस्तार कर नवीन मंडल बनाया जा रहा है। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण जो अब तक एक मंडल हुआ करता था, जो अब पूर्व व पश्चिम दो मंडल के रूप में गठित होगा। विज्ञप्ति के अनुसार संगठन विस्तार की दृष्टि से पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि सदस्यता अभियान के बाद सभी मंडलों में नई कार्यसमिति मंडल स्तरीय बनेगी।

### मां भानेश्वरी की कृपा अंचल पर बनी रहे : सांसद

**राजनांदगांव।** सुरगी में स्थापित मां भानेश्वरी शक्तिपीठ की महिमा



अपरंपार है। नवरात्रि अवसर पर मां भानेश्वरी शक्तिपीठ में भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्रि के चतुर्थी अवसर पर सांसद संतोष पांडे कार्यकर्ताओं के साथ मां भानेश्वरी शक्तिपीठ में दर्शन के लिए पहुंचे। सांसद पांडे ने मां भानेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ अंचल के सभी नागरिकों के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने मां भानेश्वरी से संसदीय क्षेत्र में धन-धान्य की प्रचुरता के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, आलोक श्रोती, शशिकांत साहू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। सांसद संतोष पांडे अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर विभिन्न गांव में लोगों से मुलाकात और कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम पूछते हैं। साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दे रहे हैं। ग्राम सुरगी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में उन्होंने अपनी उपस्थिति दी और व्यास पीठ में विराजमान प्रवचनकर्ता योगेश्वर महाराज को पुष्पमाला अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ स्थल में प्रभावशाली संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस दौरान रोहित चंद्राकर, लीलाधर साहू, आलोक श्रोती, गुरचरण सिन्हा, सुकृत दास साहू, मनोज साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी राहटगांवकर को मिला दक्षता पदक

**राजनांदगांव।** रायगढ़ जिले के तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद




राहटगांवकर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित करते उनके निरंतर समर्पण की सराहना की। श्री राहटगांवकर ने बताया कि उन्हें यह पुरस्कार राजनांदगांव में पदस्थ रहते एक अंधे कत्ल मामले में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए मिला। उन्होंने अपनी इस सफलता को पुलिस विभाग और अपने सहकर्मियों को समर्पित किया है। राजनांदगांव में पदस्थ रहते उन्होंने 6 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा दिलाई। जिससे पीड़िता को न्याय मिला। श्री राहटगांवकर की इन उपलब्धियों ने न केवल उनके विभाग का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए भी एक प्रेरणा का काम किया है।

## अघोषित बिजली कटौती के पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

# जिस वार्ड में बंद होगी बिजली वहीं जलेगा राज्य सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अघोषित बिजली कटौती के मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन करते विद्युत मंडल घेराव का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के लोगों ने बिजली कटौती को लेकर प्रदेश के भाजपा सरकार को जमकर घेरा।

शहर के कई क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं विद्युत विभाग के घेराव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शामिल होते हुए कांग्रेसजनों ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया और बिजली कटौती को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। वहीं विद्युत विभाग का घेराव करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यपालन अभियंता को बेशर्म का पौधा भेंट किया।




#### बिजली कटौती से बढ़ रही चोरियां

धरना प्रदर्शन और विद्युत मंडल के घेराव के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा कभी भी बिजली कटौती की जा रही है। उमस भरी गर्मी के चलते लोग पहले ही हलाकान हैं और विद्युत मंडल द्वारा बिना सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी भी बिजली कटौती होने से जनता त्रस्त हो गई है। वहीं बिजली कटौती के चलते शहर में चोरियां भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग को ज्ञापन के माध्यम से कड़ी चेतावनी दी गई है, अगर अब किसी वार्ड में अघोषित बिजली कटौती की जाती है तो मुख्यमंत्री और विधायक का पुतला उसी वार्ड में जलाया जाएगा।

#### विद्युत विभाग का घेराव

कैलाश नगर स्थित बिजली ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन के आयोजन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इसके बाद सभी कांग्रेसजन प्रदर्शन स्थल से विद्युत विभाग का घेराव करने बिजली विभाग के भीतर नारेबाजी करते पहुंचने लगे। इस दौरान प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित पुलिस बल ने कांग्रेसियों को बिजली विभाग के भीतर घुसने से रोका। कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन के आयोजन में पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, कमलजीत सिंह पिंटू, मामराज अग्रवाल, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, स्थानीय पार्षद मीन हुद्दा, रूपेश दुबे, अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### 15 दिवस के भीतर सुधरेंगे व्यवस्था

बिजली कटौती के इस मामले को लेकर विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने कहा कि उन्हें अभी ही प्रभार मिला है। ऐसे में जनता की नाराजगी 15 दिवस के भीतर सभी व्यवस्था दुरुस्त करके दूर की जाएगी।

### मंडल भाजपा की बैठक आज

**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा की एक आवश्यक बैठक कल मंगलवार 8 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से स्थानीय यादव भवन में आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से सदस्यता अभियान के संबंध में चर्चा की जाएगी और अभियान को गति प्रदान करने विशेष दिशा निर्देश दिए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान अभी देशभर में गतिमान है। इसके लिए अलग-अलग मंडलों को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। इसी विषय को लेकर पुनः कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख बैठक में उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सदस्यों, शक्ति केन्द्र के संयोजक, सह-संयोजक, प्रदेश व जिला सहित समस्त स्तर के पदाधिकारियों, बूथ संयोजक, कलस्टर प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति की अपील की है।

### कोठार में रखे हार्वेस्टर को फूंका

**राजनांदगांव।** किसान के कोठार में रखे हार्वेस्टर को अज्ञात आरोपी ने आग लगा दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंवरमरा निवासी प्रार्थी धर्मेन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके कोठार में हार्वेस्टर को रखा हुआ था, जिसे गत रात्रि अज्ञात आरोपी ने आग लगा दिया। जिससे हार्वेस्टर के आगे दोनों चक्के एवं पीछे के दोनों चक्का में आग लगा था, जिसे मशक्कत बाद बुझाया जा सका। इस घटना से काफी क्षति हुई है।

मरीज व परिजन पानी के लिए भटक रहे

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, मेडिकल कॉलेज में पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज में विस्तार कार्य के तहत भवन निर्माण कार्य जारी है। जिसके निर्माण कार्य के दौरान पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से मेडिकल कॉलेज और हास्पिटल में पानी के लिए स्टाफ सहित मरीज और परिजनों को हलाकान होना पड़ रहा है।

मिली जानकारी अनुसार शासकीय मेडिकल कॉलेज सहित हास्पिटल में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी सेंटर भवन निर्माण के लिए इन दिनों निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान लापरवाही से कार्य किए जाने के लिए पानी टंकी से मेडिकल कॉलेज और हास्पिटल में पानी सप्लाई का मेन पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया।

#### उपचार संबंधी कार्य प्रभावित




बताया जाता है कि कल से मेडिकल कॉलेज सहित हास्पिटल में पानी की समस्या बनी हुई है। जिससे हास्पिटल स्टाफ, मरीज एवं उनके परिजनों को पानी के लिए हलाकान होना पड़ रहा है, भटकना पड़ रहा है। हास्पिटल में पानी नहीं होने के कारण उपचार संबंधी कई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बहरहाल पाईप लाइन मरम्मत के बाद ही यहां पानी की समस्या का समाधान हो पाएगा।

## शक्ति केंद्र से मिलती है भाजपा को शक्तिः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा सांसद संतोष पांडे द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के विभिन्न शक्ति केंद्रों में अपनी उपस्थित दर्ज कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में रविवार को राजनांदगांव विधानसभा के सुरगी शक्ति केंद्र में पहुंचकर सदस्यों से वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान की जानकारी ली। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा चलाए जा रहे



कल्याणकारी योजनाओं एवं केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं पर सारगर्भित जानकारी देते कार्यकर्ताओं को कहा कि प्रत्येक बूथ में 100 सक्रिय सदस्य जल्द से जल्द बनाएं।

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस**
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

### 15 को म्युनिसिपल स्कूल में कवि सम्मेलन

**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आगामी 15 अक्टूबर को शहर के म्युनिसिपल हाईस्कूल मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध युगकवि और साहित्यकार डॉ. कुमार विश्वास शिरकत करेंगे।

युवा वेलफेयर फाउडेंशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि नांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आगामी 15 अक्टूबर को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में रात्रि आठ बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य विद्या के पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल की कवियत्री डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवियत्री कविता तिवारी तथा हास्य कवि दिनेश बावरा अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

## साईं दर्शन नगर से निकली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम मित्र मंडल द्वारा सांई दर्शन नगर रामकृष्ण नगर वार्ड क्र. 45 से बाजे-गाजे के साथ मातारानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसमें वार्ड की सभी माताएं-बहनें व युवा साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उक्त चुनरी यात्रा वार्ड क्र. 45 के पार्षद निवास पूनम शर्मा के निवास से प्रारंभ होकर मां पाताल भैरवी मंदिर में उसका समापन हुआ और भक्तिभाव से मां पाताल भैरवी को चुनरी चढ़ाई गई और माता का आशीर्वाद लिया गया। चुनरी यात्रा को डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों द्वारा भी बेहतर प्रतिसाद मिला। इसके साथ ही मां पाताल भैरवी के दर्शनार्थ पहुंचे भक्तो ने भी इसे सिर आंखों पर स्थान दिया।

श्रीराम मित्र मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गोविंद शर्मा ने बताया कि माता की चुनरी निकलने की परंपरा विभिन्न समाजों और संस्कृतियों में अलग-अलग रूपों में पाई जाती है, जो समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, कोमल



सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष किशन यदु, राजा मखीजा, युवा नेता अभिषेक सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद जमुना साहू, लक्ष्मी शर्मा सहित श्रीराम मित्र मंडल के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में श्रीराम मित्र मंडल के संरक्षक व पार्षद गगन आईच, अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, किशोर माहेश्वरी, दिवंश शर्मा, गौरव मरकाम, प्रियांशु गुप्ता, शपर्श खरे, प्रतीक वैष्णव, प्रतिक मिश्रा, अंकित यादव, कुणाल वैष्णव, आयुष तिवारी, डोमेश साहू, दक्षेस टंडन, अनिकेत राजपूत, विनय राजपूत एवं अलोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सांई दर्शन नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## रास गरबा पर थिरकी संस्कारधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजस्थान के रास गरबा पैटर्न पर संस्कारधानी के लोगों ने जमकर गरबा किया। राजपूताना संस्कृति की झलक दिखाते प्रतिभागियों ने जमकर रास गरबा का आनंद उठाया। रास गरबा में बेस्ट गरबा डांस के लिए सुप्रिया खोब्रागढ़े और बेस्ट गरबा चाइल्ड कैटिगरी में वृद्धि सोनी को सम्मानित किया गया है।

पद्मश्री पं. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सोमवार से आयोजित चार दिवसीय रास गरबा उत्सव का रंगारंग शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मां आदिशक्ति की राजपूताना अंदाज में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राष्ट्रीय करणी सेवा के संरक्षक डॉ. रमेशचंद्र भदौरिया ने किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन भी मौजूद रहे। श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में 6 से 9 अक्टूबर तक रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को हुए आयोजन में राजस्थानी पैटर्न पर रास गरबा नृत्य किया गया। जिसमें स्वीटी शर्मा, विश्रुति मिश्रा, ईशा राजपूत, पवित्रा उपाध्याय, मनीषा शर्मा, मीरा यादव, रचना मेनन, रश्मि



वासनिक को विशेष पुरस्कार दिया गया है। वहीं बेस्ट गरबा डांस के लिए सुप्रिया खोब्रागढ़े और चाइल्ड कैटिगरी में वृद्धि सोनी को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेसअप के लिए मोनिका ठाकुर को भी सम्मानित किया गया है।

#### लकी तरार होंगे निर्णायक

आयोजन में बतौर जज के रूप में रास गरबा के लोकप्रिय कलाकार लकी तरार आयोजन में शामिल होंगे। गरबा के दौरान अलग-अलग पैटर्न में भाग ले रहे प्रतिभागियों को वे जज करेंगे। आयोजन से जुड़े श्री राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने बताया कि प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन एक दिन पूर्व कर सकते हैं। वहीं रास गरबा देखने वाले दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

#### पंजाबी थीम का जमकर बिखरा जलवा

**राजनांदगांव।** नवरात्रि के मौके पर लायंस इंटरनेशनल द्वारा स्थानीय गायत्री विद्यापीठ मैदान में आयोजित किए जा रहे गरबा उत्सव में जमकर रंग बिखर रहा है। लायंस गरबा उत्सव के तीसरे दिन मातारानी की ज्योत जलाकर पूजा-अर्चना पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना एवं राजकुमार शर्मा सपत्नीक शोभा शर्मा द्वारा की गई। गायत्री स्कूल मैदान में लायन अध्यक्ष तरनदीप अरोरा, बृजकिशोर सुरजन, राजा माखीजा,



शारदा तिवारी, अशोक पवार, गिरीश, राजकुमार शर्मा, मनोज गुप्ता समेत क्लब के सदस्यगण शामिल थे। शारदा तिवारी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी लायंस गरबा उत्सव में भारतीय मर्यादा और पर्व की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर गरबा उत्सव की थीम पंजाबी रही। इस अवसर पर पुरस्कृत श्रेष्ठ प्रतिभागियों को अतिथियों व लायंस पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

**आवश्यकता है**
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### मां महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि में 148 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव में शारदीय नवरात्रि श्रद्धा-भक्ति व धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है वहीं कोलेगांव स्थित मां महामाया मंदिर में आस्था के 148 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। साथ ही साथ श्रीराम जानकी मंदिर में भक्त अपनी मनौती पूर्ण करने के लिए मनोकामना ज्योत ज्वारा कलश प्रज्जवलित किए है। जिस पर दिनेश पांडेय ने बताया कि मंदिरों में मनोकामना ज्योत ज्वांरा कलश व माता रानी के दर्शन करने दूर-दराज के भक्तजन व श्रद्धालु गण पहुंच रहें हे। वहीं पंडा मणि निषाद, दिलीप चौहान, आकाश यादव पूरे श्रद्धा के साथ माता रानी के सेवा में नौ दिनों तक लगे हुए हैं। मंदिर के पुजारी शत्रुहन गिरी गोस्वामी सुबह-शाम मां महामाया देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना व मंगल आरती साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महिलाओं एवं पुरुष द्वारा जस गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मना



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, नृत्य और नाटकों का आयोजन किया गया। साथ ही साथ इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे कि मां देवी दुर्गा के चित्र बनाने की प्रतियोगिता और नवरात्रि से संबंधित निबंध लेखन की प्रतियोगिता वहीं विद्यार्थियों द्वारा नवरूप धारण गरबा किया I प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन ने छात्र छात्राओं को दशहरा की शुभकामनाएं दी, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, निर्मल पात्रे, युगल किशोर साहू, कौशल खांडे, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू व सदस्य तथा पालक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### सड़क किनारे निर्माण सामाग्री रेत, गिट्टी का डम वाहन चालक हो रहे हादसे का शिकार



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाइवे 30 सड़क किनारे निर्माण सामग्री जैसे रेता व गिट्टी डम होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ छोटे बड़े वाहन चालक सड़क हादसे व दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग कवर्धा-बिलासपुर सड़क किनारे ग्रामीणों द्वारा पीएम आवास निर्माण कार्य के लिए गिट्टी व रेता का डम किया गया है जो दुर्घटना को बढ़ावा दे रहे हैं इस ओर शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है ताकि आवागमन में सुविधा व वाहन चालको को राहत मिल सके।

### दिनेश बनें छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष



**हरिभूमि कवर्धा।** रविवार को बलौदा बाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ का पदाधिकारियों का चुनाव प्रक्रिया जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव चुना गया। जिस पर छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ का प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत बघेल को निर्वाचित किया गया वहीं संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर दिनेश चंद्रवंशी को चौथी बार चुना गया। दिनेश चंद्रवंशी लगातार कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदेश स्तरीय आयोजन कराते साथ ही जिले के वनांचल व शहरी क्षेत्र में निवासरत कबड्डी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं, श्री चंद्रवंशी के प्रदेश कबड्डी संघ उपाध्यक्ष बनने पर कबड्डी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों खासा उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### करपात्री जी स्कूल की विज्ञान नाटिका राज्य स्तर के लिए चयनित

**कवर्धा।** कवर्धा। जोन स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला पश्चिम भारत विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता के विज्ञान नाटिका में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वी की छात्रा जिसमें मीनाक्षी, जलेश्वरी, बम्लेश्वरी, जीतांजलि, मंजू, रश्मि, ललिता व जानकी ने व्याख्याता भौतिकी वजनराम साहू के कुशल मार्गदर्शन और जोन प्रभारी बीआर लहरे के संरक्षण में एआई और समाज विषय पर नाटिका प्रस्तुत किया और अपनी कला और प्रतिभा से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विजेश भास्कर कक्षा 11वी ने वजन राम साहू के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन अंतर्गत मॉडल निर्माण करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी इस सफलता के साथ राज्य स्तर राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित हो गए। चयनित प्रतिभागी सरगुजा जिले के अंबिकापुर में कवर्धा जोन कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं और मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई प्रेषित की।

## गंगई माता सबको सुखी प्रदान करने वाली व पीड़ाओं को हरने वाली हैं: श्रीवास्तव

# मां गंगई माता 150 वर्षों से अपने भक्तों पर कर रही अपार कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मां गंगई माता अपने भक्तों पर अपार कृपा 150 वर्षों से कवर्धा में कर रही हैं। इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव से चर्चा करते हुए मां गंगई मंदिर के चरण सेवक भगवती शंकर गुप्ता ने बताया कि एक सौ पचास वर्ष पूर्व लगभग सन 1873-74 की बात है जब कवर्धा निवासी परम भक्त स्व बुच्ची सोनी नामक व्यक्ति ने गंडई में मां गंगई का दर्शन किया और उन्हें कवर्धा की पावन भूमि में आमंत्रित करते हुए पिंडी स्वरूप में मां गंगई कव महादेव (शिवलिंग) को वर्तमान स्थल पर चबूतरे का निर्माण कर प्रतिष्ठित किया। इस तरह गंडई की मां गंगई की अंश हैं, मां गंगई जिसकी पूजा मोहल्लेवासियों ने करना प्रारम्भ किया, लगभग 67-68 वर्षों तक यह चला।

तत्पश्चात सन 1941 में धर्मनिष्ठ स्व दुखू साव ने जनसहयोग से मंदिर निर्माण किया गया और मूर्ति खंडित न हो इसलिए शिवलिंग और पिंडी के मध्य दीवाल उठाया गया और माता का मुख उत्तर दिशा की ओर हो गया। भारत वर्ष के उत्तर हिमालय पर्वत से ही गंगा जी का उद्गम हुआ है साथ ही कवर्धा में उत्तर दिशा में शंकरी गंगा प्रवाहित है इसीलिए उत्तरमुख हैं माता के समीप ही हनुमान की प्रतिमा है।

यहां पूजन कार्य दो ब्राह्मण भाइयों ने प्रारम्भ की बड़े भाई पं व्यासनारायण तिवारी एवं अनुज स्व गंगा तिवारी ने 1949-50 से 1978 तक किया। सन 1975 से नियमित ज्योति प्रज्जवलन प्रारम्भ हुआ। वैसे तो वर्तमान सेवक भगवतीशंकर गुप्ता बाल्यकाल 1955 से सेवा कर रहे हैं, लेकिन 1979-80 से नियमित रूप से पुजारी-सेवक का दायित्व निभा रहे हैं।

सन1983 में परम पूज्य पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य अनंत श्री विभूषित निरंजन देव तीर्थ के कर कमलों से धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की प्रतिमा का स्थापन अनावरण किया गया और बालकाण्ड की चौपाई को सिद्ध किया गया। गुरु पितु मातु महेश भवानी। प्रनवहुं दीनबन्धु दिन दानी।। गुरु(शंकराचार्य जी) पितु मातु ( श्री शिव पार्वती) वर्तमान में भगवती शंकर गुप्ता के साथ रामावतार गुप्ता भी सेवादार हैं।

**मां गंगई प्रत्यक्ष व सर्व मनोकामना पूर्ण करने वाली**




मां गंगई मंदिर में प्रत्येक नवरात्रि में तृतीया को ज्योति प्रज्ज्वलित कर दशमी को (अष्टमी) हवन करना और एकादशी को विसर्जन की परम्परा पूर्व पुजारी पं व्यासनारायण तिवारी द्वारा प्रारम्भ की गई थी जो आज तक अनवरत प्रचलित है। मां गंगई प्रत्यक्ष हैं और सर्व मनोकामना पूर्ण करती हैं।

# पंचमी पर माता रानी का किया गया विशेष श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़ी भक्तजनों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंडी

शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस सोमवार के दिन पोंडी के हृदय स्थल में विराजित नगर की इष्ट देवी मां शीतला माता का विशेष श्रृंगार किया गया। पंचमी के दिन सुबह से ही देवी-मंदिरों में श्रद्धालुओं का भीड़ देखने को मिला जो सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालु व भक्तजन पहुंचते रहे। इस बीच पंचमी के अवसर पर मां शीतला को नए वस्त्रों से सुशोभित किया गया, जिसमे माता शीतला स्वरूप और भी अत्यधिक सुंदर देखते बन रहा था।

नगर के देवी-मंदिरों में इस बार शारदीय नवरात्र के पर्व पर 140 ज्योत ज्वांरा कलश स्थापित किए गए है, जिसमे प्रमुख रूप से दो ज्योति कलश घी से प्रज्वलित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के इष्ट देवी-मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना करवाने से हर मनोकामना पूर्ण होती है ऐसे आस्था के साथ लोगो ने ज्योति कलश स्थापित करवाते है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में मंदिर में मां शीतला व ज्योति कलश की प्रतिदिन पूजा-अर्चना करके सेवा किया जा रहा है। जिसमे मंदिर के मुख्य पुजारी सोनू तिवारी, मुख्य पंडा कन्हैया साहू, सहयोगी पंडा रामू यादव, रमाकांत साहू, दीपेश साहू दिन-रात माता रानी की सेवा में जुटें हुए है।



वहीं मां शीतला मंदिर पं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि हर वर्ष भांति इस वर्ष भी नगर में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओ में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार शीतला मंदिर को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है। इसके साथ ही रामेश्वरम से श्रीराम सेतु का पत्थर लाकर विधिवत पूजा-अर्चना कर मंदिर के गेट सामने स्थापित किया गया। जिसके दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे है।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कुई-कुकदूर जोन में हुई विशेष परिचर्चा



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** कुई कुकदूर जोंन में अहिल्या बाई होल्कर जयंती के 300 वीं वर्ष पूर्ण होने पर मां चंडी मंदिर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला संयोजक रघुनंदन गुप्ता, खंड संयोजक शिवकुमार बंजारे, संतोष श्रीवास उपस्थित हुए। खंड संयोजक शिवकुमार बंजारे द्वारा विस्तार से देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवनी, संघर्ष योगदान के बारे में बताया गया। साथ ही उपस्थित सदस्यों से अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एवं विचार का प्रचार-प्रसार हेतु सभी से सुझाव लिया गया। देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष को सारा देश उल्लास एवं उत्साह से मना रहा है। पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सारा देश परिचित हो, इस उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया। अहिल्याबाई होलकर युग प्रवर्तक ऐसी नारी थी, जिन्होंने देश में लोक-कल्याणकारी सुशासन की नींव ही नहीं रखी, भारतीय अध्यात्म और धर्म की परम्परा को भी निरंतर पोषित किया। उन्होंने अहिल्याबाई को दूरदर्शी और प्रजा हित में शासन करने वाली देश की ऐसी महिला शासक बताया जिन्होंने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के मूल्यों का भी जन-जन में प्रसार किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा गठित कुई जोन समिति में संयोजक धर्मराज वर्मा, सहसंयोजक भूपेंद्र सुनहले, सह संयोजक वीरेन्द्र धुर्वे, सचिव आशाराम शिव, सह सचिव गौतम, कोषाध्यक्ष विजय गढ़ेवाल, सह कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष महेश धुर्वे, प्रचार प्रमुख लक्ष्मण गढ़ेवाल, मिडिया प्रमुख राकेश सोनी, संपर्क प्रमुख शिवकुमार नायक, सह संपर्क प्रमुख राजेश्वरी धुर्वे, सह प्रचार प्रमुख कविता वर्मा के नाम पर सहमति बनी।

### स्वच्छता ही सेवा समापन कार्यक्रम में शामिल हुएः पाण्डेय



**हरिभूमि कवर्धा।** स्वच्छता ही सेवा महाअभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं पं शास्त्री जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कबीरधाम की जिला संगठक डॉ कामती सिंह परिहार की अध्यक्षता में जिले की चार इकाईयों शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा तथा मेरा भारत कार्यक्रम अंतर्गत भोरमदेव परिसर में एक दिवसीय स्वच्छता जन-जागरूकता महाभियान का आयोजन किया गया। जिसमें चारों इकाइयों से लगभग 400 स्वयं सेवकों ने अपनी भागीदारी निभाई। कन्या महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं द्वारा भोरमदेव धर्मशाला से मुख्य सड़क मार्ग तक साफ-सफाई की गई तथा आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जन-जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं ने सडक के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई-छंटाई की तथा पुराने पेड- पौधों के आसपास सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था की गई। पीजी कॉलेज कवर्धा की स्वयंसेविकाओं ने सम्पूर्ण भोरमदेव मंदिर परिसर तथा मंदिर के आगे स्थित तालाब में विशेष स्वच्छता कार्य किया गया। समीपस्थ दुकान लगाने वाले लोगों को भी प्राकृतिक जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता का ध्यान रखने हेतु जन-जागरूक किया गया साथ ही साथ स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला के स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य उद्यान के कोने-कोने की पूर्ण सफाई की गई साथ ही उद्यान के सामने मुख्य सड़क की साफ सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने मुख्य सड़क के आस-पास स्थित दुकानों में जाकर उन्हें स्वच्छता हेतु जागरूक किया, डस्टबिन रखने की सलाह दी तथा आगे से स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव के स्वयंसेवकों द्वारा पहाड़ी स्थित दुर्गा माता मंदिर के समीप स्थित बसाहट तथा मुख्य मेला स्थल के चारों ओर की साफ सफाई की गई। रासेयो गीत-गाते तथा नारे लगाते हुए स्कूल के विद्यार्थियों ने दुकान लगाए लोगों का स्वच्छता के महत्व के प्रति ध्यान आकृष्ट किया। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों को माय भारत कैप, ग्लव्स तथा पेन, डायरी आदि का वितरण किया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय ने भी अपनी सहभागिता निभाई और स्वयंसेवकों के साथ मंदिर के पास स्थित सीढ़ीयों की सफाई की। मंचीय कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान ने राष्ट्रभक्ति प्रेरणा का गान वन्दे मातरम गीत का गान करवाया। उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को समग्र विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस विशेष अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों के साथ-साथ कॉलेज एवं स्कूल स्टाफ के शिक्षक एवं अन्य सदस्यों, नेहरू युवा केंद्र के जिला प्रमुख सौरभ निषाद तथा यादव एवं अशोका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सहित लगभग 300 विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ भी इस अभियान में विशेष सहयोगी के रूप में सम्मिलित हुए।

### प्राण-खैरा में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्राण-खैरा में ग्रामवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ सरकार की जन-कल्याणकारी नीति, कवर्धा विधायक व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जनहित में किए गए अनेकों कार्य का असर स्पष्ट रूप से जनमानस में नजर आ रहा है, परिणाम स्वरूप गरीब, किसान, मजदूर, युवा, छात्र व महिलाएं-पुरुष सभी वर्ग बीजेपी से स्वतः जुड़ रहे हैं।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071




### आरएसएस का पोंडी में पथ संचलन, किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

नवरात्र पर्व के चतुर्थी दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 99वां स्थापना दिवस व विजया दशमी पर्व पर पोंडी नगर में पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक बोड़ला खंड के 100 से अधिक स्वयं सेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष वादन की धुन पर पथ संचलन किया गया। संचलन के पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर में ध्वज प्रमाण करने के बाद स्वयं सेवकों ने शिशु मंदिर से पथ संचलन प्रारंभ किया जो पाली पारा, महादेव पारा, कुंभकार पारा, शीतला मंदिर व बस स्टैंड से होकर बघेल पेट्रोल पंप में जाकर संचलन का समापन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर शस्त्र पूजन किया गया। इस दौरान स्वयं सेवक पथ संचलन उपस्थित थे।

**समक्ष - श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**
**// शपथ-पत्र //**

मैं बसंत कुमार साहू पिता श्री देव सिंह साहू निवासी-वार्ड नं. 01 संतोषी नगर अभ्युदय विद्यालय के पास, लोहारा बायपास रोड कवर्धा जिला- कबीरधाम (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अंकित साहू पिता बसंत कुमार साहू(Ankit Sahu S/o Basant Kumar Sahu) है, जो मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में दर्ज है जो सत्य एवं सही है। यह कि मेरे पुत्र अंकित साहू के सभी शैक्षणिक दस्तावोजों में पिता का नाम त्रुटिवश Mr. Basant sahu दर्ज हो गया है।

यह कि वर्तमान परीक्षा सत्र 2024-25 में मेरा पुत्र अंकित साहू कक्षा 09वीं के सीबीएसई के नामांकन में जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के अनुसार पिता का वास्तविक नाम Basant kumar sahu दर्ज करना चाहता हूं।

अतः उक्त संबंध में यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

मुहर शपथकर्ता







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी:** नगर की बेहतर यातायात व्यवस्था के प्रति शासन-प्रशासन के प्रयास नाकाफी

# शहर में बढ़ते यातायात के दबाव के बीच मात्र एक ट्रैफिक सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्याल कवर्धा में लगातार खुल रहे नए कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजार विस्तार, आबादी क्षेत्र विस्तार तथा बढ़ रही आबादी के चलते लगातार सड़कों में यातायात का दबाव बढ़ते जा रहा है। आलम ये है कि सुबह से लेकर देर शाम तक कवर्धा नगर की प्रमुख सड़कों में वाहनों की रेलम पेल सी लगी रहती है। जिसके चलते नगर में प्रायः हर दिन छोटी बड़ी दुर्घटना होते रहती है। लेकिन जिला मुख्यालय कवर्धा में इस अनियंत्रित यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में अभी तक कोई खास रुचि नहीं दिखाई जा रही है। स्थिति यह है कि जिला मुख्यालय कवर्धा में दर्जनों भीड़भाड़ वाले चौक चौराहे होने के बावजूद यहां सिर्फ एक ही चौक में ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था की गई है वह भी कामचलाऊ ही है। क्योंकि आज भी यह ट्राफिक सिग्नल सही संकेत नहीं दे पाता इसके कई डिजिट खराब है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा नगर के वीर स्तंभ चौक के अलावा किसी भी चौक में ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था नहीं है। जबकि देखा जाए तो जितनी भीड़ दिनभर नगर के वीर स्तंभ चौक से होकर गुजरती है उतनी ही भीड़ नगर के ऋषभदेव चौक, मिनीमाता चौक, नवीन बाजार चौक, राजमहल चौक सहित अन्य चौक चौराहों से होकर गुजरती है। लेकिन फिर भी इन चौक चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि इसकी मांग लगातार नगरवासियों द्वारा शासन, प्रशासन तथा पुलिस विभाग से की जा रही है।

## भीड़ के बीच फर्राटे भर रहे वाहन चालक



कवर्धा नगर का मिनीमाता चौक सीधे रायपुर बाईपास से जुड़ा हुआ है इसके अलावा इस चौक से कवर्धा बिलासपुर तथा कवर्धा रायपुर व राजनांदगांव आने जाने वाले भारी वाहन भी गुजरते हैं। इसी प्रकार नगर के नवीन बाजार चौक से भी कवर्धा रायपुर आने, जाने वाली सभी यात्री बसें कवर्धा नगर के अंदर स्थित बस स्टैंड आती हैं। लेकिन इन दोनों प्रमुख चौराहों में भी ट्रैफिक सिग्नल लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते कारण इन चौराहों से भारी वाहन फर्राटे भरते हुए निकलते हैं। जिससे हमेशा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कमोबेश यही हाल नगर के राज महल चौक व अन्य चौक चौराहों का भी है।

### रात नौ बजे के बाद सी एण्ड गो मोड पर चौक का ट्राफिक सिग्नल

नवरात्र पर्व के इस सीजन में नगर की सड़कों में सामान्य दिनो की अपेक्षा अधिक भीड़ भाड़ देखने को मिल रही है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग भी यहां स्थापित मां दुर्गा के दर्शन को हर रोज पहुंच रहे हैं जिसके कारण शाम ढलने के बाद शहर में यातायात का दबाव बढ़ जाता है जो देर रात तक रहता है। लेकिन नगर का इकलौता ट्राफिक सिग्नल नौ बजे के बाद बंद हो जाता है और नगर के इस चौक की यातायात व्यवस्था सी एण्ड गो मोड में चली जाती है। ऐसे में लापरवाह वाहन चालक चौक से फर्राटे भरते निकलते हैं। जबकि इस समय शहर में देररात तक भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। रात नौ बजे के बाद कई चौकों से ट्राफिक पुलिस भी हट जाती है जिससे लापरवाह वाहन चालक अपनी मर्जी के मालिक हो जाते हैं।

# तरेगांव जंगल में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



■ वनांचल क्षेत्र के 88 गर्भवती महिलाओं का शिविर स्थल पर की गई सोनोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर आज वनांचल क्षेत्र ग्राम तरेगांव जंगल में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा प्रदान की गई। शिविर में 88 गर्भवती महिलाओं शिविर स्थल पर ही सोनोग्राफी किया गया। इसके साथ ही मरीजों का निःशुल्क जांच कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया और बीपी, सुगर, मलेरिया तथा मौसमी बिमारी के संबंध में जागरूक भी किया गया। वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच किए गए। शिविर में कुल 108 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। इस दौरान 88 गर्भवती महिलाओं का शिविर स्थल पर सोनोग्राफी किया गया। उच्च जोखिम वाले 31 गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकन कर संस्थागत प्रसव के लिए विशेष निगरानी में रखा गया है। शिविर में 90 बीपी और 90 सुगर की जांच किया गया। जांच के दौरान 15 बीपी और 01 सुगर के मरीज पाएं गए। शिविर में 79 लोगों का लैब जांच, 50 लोगों का एचआईवी जांच, 10 लोगों का मलेरिया जांच, 57 लोगों को वीडीआरएल जांच, 07 लोगों का टीबी जांच किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा 15 बच्चों, मेडिसीन विशेषज्ञ द्वारा 15 और अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 11 लोगों का जांच किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 20 मरीजों का जांच किया गया। जिसमें 02 लोग मोतियांबिंद के मरीज पाएं गए। शिविर में 16 लोगों को चश्मा वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### गोछिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 को

**स.लोहारा।** विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम पंचायत गोछिया में शारदीय नवरात्र, विजय दशमी पर्व के उपलक्ष में रविवार 13 अक्टूबर को विजय दशमी के दुसरे दिन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रात की रानी जहुरिया कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन ग्राम पंचायत गोछिया के सरपंच चंद्रकुमार कौशिक के द्वारा किया गया है। छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम जहुरिया के मुख्य कलाकारों में भोला दिवाना, भरत श्रीवास, छोटेलाल साहू, दिव्या चौहान, रितु चौहान अन्य कलाकार अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे। ग्राम सरपंच ने ग्राम व क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### किसान 10 तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

**कवर्धा।** कृषि वर्ष 2024-25 मौसम खरीफ के लिए किए गए गिरदावरी के आधार पर प्रत्येक भूमि के संबंध में राजस्व अभिलेख में अंकित भूमिस्वामी का नाम, भूमि का क्षेत्रफल तथा उस पर ली जा रही फसल विवरण की जानकारी राजस्व विभाग के विभागीय वेबसाईट के अंतर्गत ''भू-स्वामीवार फसल क्षेत्राच्छादन रिपोर्ट के माध्यम से ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया है। यदि उक्त प्रविष्टियों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 10 अक्टूबर 2024 तक संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण 15 अक्टूबर 2024 तक करते हुए खसरा पांचसाला तथा सॉफ्टवेयर में 20 अक्टूबर 2024 तक अंतिम प्रविष्टि की जाएगी।

# लोहाराडीह काण्ड को लेकर पीसीसी अध्यक्ष बैज ने पीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लो हा रा डी ह काण्ड को लेकर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है।

कांग्रेस इस मामले को लगातार उठाते हुए पीड़ितों को न्याय देने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में अब छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और घटना में संलिप्त पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ सरकार इस घटना को डाइवर्ट करने और दबाने की कोशिश कर रही है।

इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ देने की भी मांग की है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री साहू समाज से आने की बात करते है। छत्तीसगढ़ आकर सिर्फ वोट पाने के लिए साहू समाज को याद करते हैं। पीड़ित परिवारों की ओर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर घटना की जांच कराने का आग्रह किया है।

श्री बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज संकट में है। घटना को सरकार डाइवर्ट करने और दबाने की कोशिश कर रही है। श्री बैज ने कहा कि इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री को राज्य सरकार को निर्देशित करना चाहिए। उन्होने उम्मीद जताई है कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा।

## बोड़ला की छात्रा ने हॉकी में जीता गोल्ड मैडल



**बोड़ला।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक राजनांदगांव में किया गया। जिसमें पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से हांकी में अंडर 19 में छात्रा काजोल कुशरे 12 वी हिन्दी माध्यम ने उत्कृष्ट खेल का प्रर्दशन कर गोल्ड मेड हासिल किया है। उनकी टीम ने पहला मैच रायपुर से 4-1 से जीत लिया वहीं दूसरा मैच सरगुजा से जिसे 6-1 से अपने नाम किया। इसी प्रकार तीसरा मैच बिलासपुर से जिसे 4-2 से विजय रहा चौथा मैच बस्तर से रहा जिसमें 6-3 से विजय रहा। इस प्रकार टीम ने सभी सेट में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वही विशेष देवांगन 12 वी अंग्रेजी मध्यमा से चेस में 5 मैच में से 3 मैच अपने नाम किए। एक मैच में उन्हें पराजय मिली तो दूसरा मैच ड्रा रहा। उन्होने शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में 4 रैंक हासिल किया है अब छात्र विशेष देवांगन नेशनल स्तर में चयन चयनित हुए हैं। स्कूल खिलाड़ियों की इस उपलब्धी पर सभी स्कूल स्टाप ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। पीटीआई जगतारण झरिया ने कहा की स्कूल के बच्चे बहुत मेहनती है वह सुबह शाम हांकी का अभ्यास करते है।

## 36 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 09 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 36 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम बाघुटोला निवासी लीलाबाई की सकरी नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र भवरा यादव को, कुकदूर तहसील के ग्राम सगोना निवासी आयुष्मान की तालाब में में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता श्यामू को ग्राम पुटपुटा निवासी अशोक धुर्वे की आगर नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता दुकालु राम को, सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम गौरमाटी निवासी संजू साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी श्रीमती मांगरा बाई को, ग्राम कोटगांव निवासी अनुराग की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनकी माता श्रीमती बिराजो बाई को, ग्राम सिंघनपुरी जंगल निवासी रीतू पटेल की कुएं की पानी में में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता गंभीर पटेल को कवर्धा तहसील के ग्राम धमकी निवासी मानसी साहू की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता गुनागर को, रेंगाखार तहसील के ग्राम लोहारीडीह निवासी नतिशा यादव की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता फिरतु यादव को और ग्राम कुटेली निवासी सरस्वती बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति शिवदयाल को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# गौ माता की गाजे बाजे के साथ निकाली अंतिम यात्रा, नम आंखों से दी अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस मृत्यु लोक में वैसे तो हर रोज कई इंसानों की भी मौत होती है और कई जीव जंतु भी मृत्यु को प्राप्त करते हैं। मृत्यु के बाद इंसानो की अंतिम यात्रा निकलते तो सभी ने देखी है लेकिन जीव जंतुओं की मृत्यु के बाद ऐसा कम ही देखने को मिलता है। पर धर्मनगरी कवर्धा में सोमवार को ऐसा भी देखने को मिला। जहां के स्थानीय निवासी राजू पाण्डेय के द्वारा पाली पोसी गई एक गौ माता की मृत्यु के बाद न सिर्फ गाजे बाजे के साथ उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई बल्कि श्री पाण्डेय और उनके परिजनो के साथ नगरवासियों ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ नम आंखों से गौ माता को अंतिम विदाई दी। दरअसल कवर्धा नगर के निवासी राजू पाण्डेय द्वारा अपने घर में दुलवरीन नाम की एक गाय को पाला पोसा गया था। बताया जाता है कि श्री पाण्डेय की गाय काफी समय से अस्वस्थ्य थी जिसका लगातार उपचार भी कराया जा रहा था लेकिन समुचित उपचार के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका और नवरात्र की पंचमी के रोज दुलवरीन गाय की मौत हो गई। जिसकी मौत से पूरा पाण्डेय परिवार शोक में है। सोमवार को पाण्डेय परिवार ने अपनी इस गाय का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। बकायदा गाय की गाजे बाजे के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई और पाण्डेय परिवार सहित लोगों द्वारा पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ गौ माता को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान कई लोगों ने गौ माता के शव में वस्त्र भी उढ़ाए और फूल, नारियल अर्पित किए। गौ माता के प्रति पाण्डेय परिवार और लोगों की आस्था तथा आत्मियता देख हर कोई शोक में डूबा नजर आया।

# भाजपा के कॉलेज में सदस्यता अभियान के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन

## कार्रवाई नहीं होने पर प्राचार्य को सौपेंगे भाजपा का गमछाः शितेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



एनएसयूआई ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को कुलसचिव के नाम पीजी कॉलेज कवर्धा के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें एनएसयुआई ने कॉलेज प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए है। इस संबंध में प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी तथा एनएसयूआई अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से बताया कि शासकीय पीजी महाविद्यालय के गणित संकाय में जनभागीदारी मद से बिना वैकेंसी निकाले अनुभवहीन शिक्षकों की भर्ती की गई है जो की जनभागीदारी अध्यक्ष व प्राचार्य की मनमानी को दर्शा रहा है। उन्होने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन ने जिन अनुभवहीन शिक्षकों की नियुक्ति की गई उन्हें पढ़ाना नहीं आता और विद्यार्थी रोज इसकी शिकायत कर रहे हैं बावजूद इन अनुभवहीन शिक्षकों को नहीं हटाया जा रहा है। ऐसे में ज्ञापन के माध्यम से नए सिरे से वैकेंसी निकालकर योग्य प्राध्यापक की नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है। वहीं श्री केशरवानी तथा श्री चन्द्रवंशी ने आरोप लगाते हुए बताया कि इन दिनो जिले के महाविद्यालयों में भाजपा के नेताओं के द्वारा जबरन घुसकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जो नियुम विरूद्ध है। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि कोई कैसे बगैर प्राचार्य की अनुमति के महाविद्यालय में घुस कर सदस्यता अभियान चला सकता है। उन्होने महाविद्यालयों में जबरदस्ती घुसकर सदस्यता अभियान चलाने वाले भाजपा नेताओं के विरूद्ध एफआई कराने की मांग की है। वहीं एनएसयूआई ने वनस्पति विभाग के छात्रों की मांग के आधार पर सहायक प्राध्यापक को हटाकर उनके स्थान पर नए प्राध्यापक की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि जल्द ही उनकी इस मांग पर कार्यवाही नहीं की गई तो छात्र संघ उग्र आंदोलन किया जाएगा और कॉलेज के प्राचार्य को भाजपा का गमछा सौंपेगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस महासचिव राहुल सिन्हा,अरविंद चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर,एनएसयूआई शहर अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी, विधानसभा संयोजक नरेंद्र वर्मा,महाविद्यालय अध्यक्ष तुकेश कौशिक, रुपेश साहू, अभय बंजारे, निखिल, राहुल चंद्रवंशी, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जसगीत गायक पंडित विवेक शर्मा के गीतों में झूमे श्रोता

# माता रानी के जगराता कार्यक्रम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्रि के पावन अवसर पर कवर्धा शहर में माता रानी का जगराता कार्यक्रम एतिहासिक, भव्यता एवं दिव्यता पूर्व हजारों भक्तो की उपस्तिथि में पीजी कॉलेज ग्राउंड में गत रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जस गीत गायक पंडित विवेक शर्मा द्वारा प्रस्तुत जस गीत, मोला बेटा कहीं के बुला ले ओ महामाई, दीवाना मैं दीवाना महाकाल का मैं दीवाना, मोर दुर्गा दुलौरिन दाई जैसे प्रसिद्ध देवी जस गीतों से देवी के भक्त झूम उठे। यह आयोजन सनातन संस्कृति जगराता उत्सव समिति के माध्यम से कवर्धा के पीजी कॉलेज ग्राउंड में माता रानी के आरती के साथ रात्रि 9:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने किया तथा उपस्थित भक्तों को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस माता रानी के जगराता कार्यक्रम में जुड़े तथा भक्तों को संबोधित किया। सनातन संस्कृति जगराता उत्सव समिति इस आयोजन को भव्य और दिव्य,एतिहासिक बनाने वाली कवर्धा के नागरिकों का हृदय से आभार अभिनंदन करता है। आयोजन में सनातन संस्कृति जगराता उत्सव समिति के सभी सदस्य गण और कवर्धा शहर की आम जनता उपस्थित थे।

## विज्ञान मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**बोड़ला।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024-25 के अंतर्गत जोन स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन गत दिनो स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में किया गया। प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी के निर्देश पर व्याख्याता रवि कुमार वर्मा, श्रीमती रीना पंडित, श्रीमती घनश्यामा वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विधाओं में बनाएं मॉडल एवं प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा समाज से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर आधारित मॉडल का प्रदर्शन जोन स्तर पर किया गया एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के चयनित हुए है। इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 15 से 18 अक्टूबर के बीच अंबिकापुर में आयोजित होना प्रस्तावित है जिसके लिए इतनी संख्या में विद्यार्थियों का चयन होना विद्यालय एवं नगर के लिए के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हे राज्य स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।